**Volume-VII April-June 2016 No.1**

# ECONOMICS AND STATISTICS REVIEW UTTAR PRADESH

## (Quarterly News Letter)

**In This Issue:**

- **Highlights of Activities**
- **Training/Seminars**
- **Personnel**
- **Photo-Section**
- **Current Statistics**
- **Publications**

**EDITORIAL BOARD**

**PATRON**
**Principal Secretary,**
**Planning,**
**Govt. of UP**

**CHIEF EDITOR**
**Director,**
**DES,UP.**

**Members**
**Sri Arvind Kumar Pandey,Joint Director**
**Dr. Divya Sarin Mehrotra, Joint Director**
**Sri Amlendu Rai ,Dy Director**
**Smt. Dumnesh Diksha Sahu, E.St. O.**
**Sri Arun Kumar Gupta, E.St. O.**
**Sri Ajay Kumar Srivastava, Addl. St. O.**
**Sri Rakesh Kumar, Addl. St. O.**

**FROM DIRECTOR'S DESK**

**सन्देश**



अर्थ एवं संख्या प्रभाग में सम्पादित कार्यों एवं सर्वेक्षणों पर आधारित प्रकाशित प्रतिवेदनों के साथ अधिकारियों/कर्मचारियों के Capacity Building सम्बन्धी गतिविधियों को त्रैमासिक न्यूज लेटर के रूप में प्रदर्शित किये जाने के क्रम में, त्रैमासान्त अप्रैल–जून 2016 के अंक के प्रकाशित होने पर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।


प्रस्तुत अंक में छठी आर्थिक गणना के अन्तिम परिणामों को भारत सरकार द्वारा प्रसारित किये जाने के फलस्वरूप उ.प्र. से सम्बन्धित संक्षिप्त निष्कर्षों का समावेश किया गया है। साथ ही शासन के निर्देश के क्रम में ''स्टेट मिलेनियम डेवलपमेन्ट गोल रिपोर्ट–2015'' तैयार कर प्रेषित की गयी।

इस न्यूज लेटर को संरचित करने हेतु प्रभाग के समस्त अनुभागों के अधिकारियों एवं सहायकों का अपेक्षित सहयोग प्रशंसनीय है। साथ ही इन त्रैमासिक प्रकाशनों को और अधिक सूचनापरक बनाने के लिए मैं आपके बहुमूल्य सुझावों का स्वागत करता हूँ।


**(गिरजा शंकर कटियार)**
**निदेशक, अर्थ एवं संख्या, उ.प्र.**

## 1- PRICE AND AGESTATISTICS
## ( base year 2004-05 )


1. उत्तर प्रदेश के थोक भाव सामान्य सूचकांक (आधार वर्ष 2004–05=100) में त्रैमास जनवरी– मार्च 2016 का औसत सूचकांक 207.05 गत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2015 के औसत सूचकांक 206.01 की तुलना में 0.5 प्रतिशत अधिक रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी–मार्च 2015 के औसत सूचकांक 196.22 की तुलना में 5.5 प्रतिशत अधिक रहा। उत्तर प्रदेश में प्रमुख वर्गवार थोक भाव सूचकांक का तुलनात्मक ग्राफ निम्नवत हैं:–




2. उत्तर प्रदेश के ग्रामीण उपभोक्ता भाव सामान्य सूचकांक (आधार वर्ष 2004–05=100) में त्रैमास जनवरी–मार्च 2016 का औसत सूचकांक 248.50 गत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2015 का औसत सूचकांक 251.91 की तुलना में 1.35 प्रतिशत कम रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी–मार्च 2015 के औसत सूचकांक 229.53 की तुलना में 8.26 प्रतिशत अधिक रहा। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण उपभोक्ता भाव सूचकांक के प्रमुख वर्गवार वर्गों का तुलनात्मक ग्राफ निम्नवत हैं:–





3. उत्तर प्रदेश के नगरीय उपभोक्ता भाव सामान्य सूचकांक (आधार वर्ष 2004–05=100) में त्रैमास जनवरी–मार्च 2016 का औसत सूचकांक 229.64 गत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2015 का औसत सूचकांक 233.37 की तुलना में 1.6 प्रतिशत कम रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी–मार्च 2015 के औसत सूचकांक 215.97 की तुलना में 6.33 प्रतिशत अधिक रहा। उत्तर प्रदेश के नगरीय उपभोक्ता भाव सूचकांक के प्रमुख वर्गवार वर्गों का तुलनात्मक ग्राफ निम्नवत हैं:–





4. **उत्तर प्रदेश के ग्रामीण मजदूरी दर सूचकांक** के अन्तर्गत (आधार वर्ष 2004–05=100) त्रैमास जनवरी– मार्च 2016 का में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक का मजूदरी दर सूचकांक क्रमशः 315. 60, 322.01 व 352.28 गत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2015 में बढ़ई, राज

व कृषि श्रमिक का मजूदरी दर सूचकांक क्रमशः 308.95, 317.59 व 349.27 की तुलना में क्रमशः 2.2 प्रतिशत, 1.4 प्रतिशत व 0.9 प्रतिशत अधिक रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी– मार्च 2015 के औसत सूचकांक क्रमशः 290.78, 302.18 व 330.43 की तुलना में क्रमशः 8.5 प्रतिशत, 6.6 प्रतिशत व 6.6 प्रतिशत अधिक रहा। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण मजदूरी दर सूचकांक के विभिन्न वर्गों का ग्राफ निम्नवत है–




5. **उत्तर प्रदेश के नगरीय मजदूरी दर** सामान्य सूचकांक (आधार वर्ष 2004–05=100) में त्रैमास जनवरी– मार्च 2016 में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक की मजूदरी दर का औसत सूचकांक क्रमशः 314.16, 322.19, व 387.76 गत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2015 में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक की मजूदरी दर का औसत सूचकांक क्रमशः 310.76, 319.63 व 385.56 की तुलना में क्रमशः 1.1 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत व 0.6 प्रतिशत अधिक रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी– मार्च 2015 के औसत सूचकांक क्रमशः 292.96, 303.89 व 368.78 की तुलना में क्रमशः 7.2 प्रतिशत, 6.0 प्रतिशत व 5.1 प्रतिशत अधिक रहा। उत्तर प्रदेश के नगरीय मजदूरी दर सूचकांक के विभिन्न वर्गों का ग्राफ निम्नवत हैं:–




1. उत्तर प्रदेश के **थोक भाव सामान्य सूचकांक** (आधार वर्ष 2004–05=100) में त्रैमास जनवरी– मार्च 2015 का औसत सूचकांक 194.61 गत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2014 के औसत सूचकांक 196.22 की तुलना में 0.8 प्रतिशत कम रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी–मार्च 2014 के औसत सूचकांक 186.40 की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक रहा।

2. उत्तर प्रदेश के **ग्रामीण उपभोक्ता भाव सामान्य सूचकांक** (आधार वर्ष 2004–05=100) में त्रैमास जनवरी– मार्च 2015 का औसत सूचकांक 229.53 गत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2014 का औसत सूचकांक 235.46 की तुलना में 2. 52 प्रतिशत कम रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी–मार्च 2014 के औसत सूचकांक 219.81 की तुलना में 4.42 प्रतिशत अधिक रहा।

3. उत्तर प्रदेश के **नगरीय उपभोक्ता भाव सामान्य सूचकांक** (आधार वर्ष 2004–05=100) में त्रैमास जनवरी– मार्च 2015 का औसत सूचकांक 215.97 गत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2014 का औसत सूचकांक 219.32 की तुलना में 1. 53 प्रतिशत कम रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी–मार्च 2014 के औसत सूचकांक 206.31 की तुलना में 4.68 प्रतिशत अधिक रहा।

4. **उत्तर प्रदेश के ग्रामीण मजदूरी दर सूचकांक** के अन्तर्गत (आधार वर्ष 2004–05=100) त्रैमास जनवरी– मार्च 2015 का में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक का मजूदरी दर सूचकांक क्रमशः 290. 78, 302.18 व 330.43 गत त्रैमास

अक्टूबर–दिसम्बर 2014 में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक का मजूदरी दर सूचकांक क्रमशः 285.61, 293.19 व 319.50 की तुलना में क्रमशः 1.8 प्रतिशत, 3.1 प्रतिशत व 3.4 प्रतिशत अधिक रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी– मार्च 2014 के औसत सूचकांक क्रमशः 265. 42, 270.75 व 286.59 की तुलना में क्रमशः 9.6 प्रतिशत, 11.6 प्रतिशत व 15. 3 प्रतिशत अधिक रहा।

5. **उत्तर प्रदेश के नगरीय मजदूरी दर** सामान्य सूचकांक (आधार वर्ष 2004–05=100) में त्रैमास जनवरी–मार्च 2015 में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक की मजूदरी दर का औसत सूचकांक क्रमशः 292.96, 303.89, व 368.78 गत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2014 में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक की मजूदरी दर का औसत सूचकांक क्रमशः 284.67, 297.36 व 360.28 की तुलना में क्रमशः 2.9 प्रतिशत, 2.2 प्रतिशत व 2.4 प्रतिशत अधिक रहा तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास जनवरी– मार्च 2014 के औसत सूचकांक क्रमशः 265. 92, 272.08 व 316.50 की तुलना में क्रमशः 10.2 प्रतिशत, 11.7 प्रतिशत व 16.5 प्रतिशत अधिक रहा।

## 2–वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण

### 1–वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण :2012 –2013

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण वर्ष 2012–13 का गुणक तैयार कर तालिकायें तैयार की जा रही हैं।

### 2–वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण : 2013 –2014

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण वर्ष 2013–14 के सर्वेक्षित कारखानों के आंकड़ों की डेटा इन्ट्री/वैलीडेशन कार्य हेतु मण्डल कार्यालयों में कार्यरत अपर सांख्यिकीय अधिकारियों द्वारा डेटा इन्ट्री/वैलीडेशन कार्य किया जा रहा है।

### 3–वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण : 2014 –2015

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2014–15 के अन्तर्गत आवंटित सभी 3339 कारखानों का सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है।

## 3–राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण

(i) रा.प्र.स. 71वीं आवृत्ति में 72 जनपदो के सापेक्ष 41 जनपदो के वैलीडेटेड आँकडे प्राप्त हो गये हैं, इस प्रकार 71वीं आवृत्ति का वैलीडेशन का कार्य समस्त जनपदों द्वारा पूर्ण किया जा चुका है।

(ii) 72 वीं आवृत्ति में आवंटित 1372 इकाई के सापेक्ष कुल 117 इकाईयों की डेटा इन्ट्री कार्य किया गया। अतः अब तक कुल 1367 इकाईयों का डेटा इन्ट्री कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

(iii) रा0प्र0स0 73वीं आवृत्ति में तृतीय उपावृत्ति में आवटिंत 419 इकाईयों में अवशेष 12 इकाईयों का तथा चतुर्थ उपावृत्ति में आवंटित 419 इकाईयों के सापेक्ष 403 इकाईयों का सर्वेक्षण कार्य किया गया।

(iv) रा0प्र0स0 73वीं आवृत्ति में तृतीय उपावृत्ति में सर्वेक्षित 12 तथा चतुर्थ उपावृत्ति में सर्वेक्षित 402 इकाईयों का निरीक्षण किया गया।

(v) रा0प्र0स0 73वीं आवृत्ति में प्रथम उपावृत्ति में 13 इकाईयों का परिनिरीक्षण, द्वितीय उपावृत्ति में 40 इकाईयों का परिनिरीक्षण, तृतीय उपावृत्ति में 146 इकाईयों का परिनिरीक्षण तथा चतुर्थ उपावृत्ति में 291 इकाईयों का परिनिरीक्षण कार्य किया गया।

(vi) अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा रा0प्र0स0–73वीं आवृत्ति की 205 इकाईयों का निरीक्षण कार्य किया गया।

(vii) उपनिदेशक (अर्थ एवं संख्या) द्वारा रा0प्र0स0–73वीं आवृत्ति की 19 इकाईयों का निरीक्षण कार्य किया गया।

## 4– आर्थिक गणना

भारत सरकार द्वारा छठी आर्थिक गणना 2012–13 के अखिल भारतीय अन्तिम परिणाम दिनांक 31.03.2016 को जारी कर दिये गये हैं तथा प्रदेश की भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयीं अन्तिम तालिकाओं के आधार पर निम्न निष्कर्ष दृष्टिगोचर हुए हैं–

**उद्यम**

❖ छठी आर्थिक गणना 2012–13 के अनुसार, प्रदेश के अन्तर्गत 66.84 लाख उद्यम पाये गये। जिसमें से 41.59 लाख उद्यम (62.22 प्रतिशत) ग्रामीण क्षेत्रों में और

लगभग 25.25 लाख उद्यमों (37.78 प्रतिशत ) नगरीय क्षेत्रों में अवस्थित होना पाया गया।

❖ तुलनात्मक दृष्टि से भारत के अन्य राज्यों के सापेक्ष सबसे अधिक उद्यम उत्तर प्रदेश में 11.43 प्रतिशत पाये गये हैं।

❖ प्रदेश में 66.84 लाख उद्यमों में से 78.38 प्रतिशत उद्यम (52.39 लाख) गैर–कृषीय गतिविधियों में कार्यरत पाये गये, जबकि शेष 21.62 प्रतिशत उद्यम (14.45 लाख) कृषीय गतिविधियों में कार्यरत पाये गये।

❖ प्रदेश में उद्यमों की संख्या पाँचवी आर्थिक गणना (2005) में 39.93 लाख से छठी आर्थिक गणना (2013) में 26.91 लाख की वृद्धि के साथ 66.84 लाख हो गयी अर्थात् इस अवधि के दौरान 67.38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों में 90.00 प्रतिशत और नगरीय क्षेत्रों में 39.94 प्रतिशत पायी गयी।

❖ दो आर्थिक गणना (2005 और 2013) के दौरान, गैर–कृषीय उद्यमों में 40.21 प्रतिशत की दर से तथा कृषीय उद्यमों में 462.06 प्रतिशत की दर से बढ़ोत्तरी हुई है।

## रोज़गार

देश में 66.84 लाख उद्यमों में लगभग 141.18 लाख व्यक्ति कार्यरत पाए गए। कुल 141.18 लाख व्यक्तियों में से 79.53 लाख व्यक्ति (56.33 प्रतिशत) ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 61.64 लाख व्यक्ति (43.67 प्रतिशत) नगरीय जक्षेत्रों में कार्यरत थे। जबकि स्व–कार्यरत संचालित उद्यमों में 74.42 लाख व्यक्तियों (52.71 प्रतिशत) को तथा भाड़े पर कार्यरत कम से कम एक व्यक्तियों वाले उद्यमों में 66.75 लाख व्यक्तियों (47.29 प्रतिशत) को रोज़गार प्राप्त था। कृषीय उद्यमों में लगभग 27.21 लाख व्यक्तियों (19.27 प्रतिशत) को रोज़गार प्राप्त था तथा गैर–कृषीय उद्यमों में लगभग 113.97 लाख व्यक्तियों (80.73 प्रतिशत) को रोज़गार उपलब्ध कराया गया था।

❖ तुलनात्मक दृष्टि से उत्तर प्रदेश सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच महाराष्ट्र के बाद दूसरा सबसे ज्यादा रोज़गार (10.75 प्रतिशत) उपलब्ध कराने वाला प्रदेश है।

❖ ग्रामीण उद्यम में काम कर रहे व्यक्तियों की संख्या को देखते हुए, यह देखा गया है कि उत्तर प्रदेश में अधिकतम रोज़गार (कुल ग्रामीण रोज़गार के 11.71 प्रतिशत ), के बाद पश्चिम बंगाल (8.94 प्रतिशत ) और महाराष्ट्र (8.93 प्रतिशत) प्रदान किया गया है।

❖ प्रदेश में वर्ष 2005 से वर्ष 2013 के मध्य 79.94 प्रतिशत रोज़गार की वृद्धि दर रही है।

❖ प्रदेश में 141.18 लाख व्यक्तियों के कुल रोज़गार में से 113.91 लाख (80.69 प्रतिशत) पुरुष और 27.27 लाख (19.31 प्रतिशत) महिला कामग़ार कार्यरत थे।


## 5– औद्योगिक उत्पादन सूचकांक–

The monthly Index of Industrial Production for the **month of Jan’2016(P) ,Feb’2016(P) Mar’2016(P)** of financial year 2015-16 and **April’2016(Q)**of financial year 2016-17 are available at base year 2004-05 in this period.

| Monthly | Mining | Electricity | Manufacturing | General Index |
|---|---|---|---|---|
| Jan’2016(P) | 62.38 | 546.13 | 149.86 | 199.56 |
| Feb’2016(P) | 60.74 | 522.95 | 163.13 | 205.73 |
| Mar’2016(P) | 60.74 | 537.41 | 157.49 | 203.72 |
| April’2016(Q) | 94.61 | 577.98 | 136.25 | 197.81 |

The general Index of month Jan'2016 (P) is showing a decrease of4.38% from corresponding month of the previous year i.e. Jan'2015 and The general Index of month Feb'2016(P),Mar2016(P),April'2016(Q) is showing an increase of 1.79% ,0.98% & 7.58% respectively from corresponding month of the previous year i.e. Feb'2015 ,Mar'2015 and April'2015(P). The general Index of month Jan'2016 (P), Feb'2016(P) (P) increased by 2.80% & 3.09% as compared to the corresponding previous month i.e Dec'2015 (P),Jan'2016(P)and The general Index of month March'2016(P) & April'2016(Q) decreased by0.98% & 2.90%as compared to the corresponding previous month i.e Feb'2016(P) and March'2016(P).

**Monthly trend of IIP is shown by graph.**




**6–साफ्टवेयर विकास एवं प्रशिक्षण**

1–प्रभाग की वेबसाइट पर निम्नांकित सूचनाओं को अपलोड कराया गया:–

(i) वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2013–14 का डेटा–इन्ट्री और वैलीडेशन सॉफ्ट्वयेर

(ii) उत्तर प्रदेश एक झलक(ऑकड़ों में) 2015

(iii) प्रेस विज्ञप्ति–उत्तर प्रदेश के राज्य घरेलू उत्पाद( राज्य आय) के वर्ष 2015–16 के तृतीय त्रैमास (Q3) (अक्टूबर 2015–दिसम्बर 2015)

(iv) Request for Proposal का कार्यालय ज्ञाप दिनांक 12.04.2016

(v) Index of Industrial Production U.P.(2-Digit Level) year 2015- 16. (Base year 2004-05=100)

(vi) Index of Industrial production use based Categorisation year 2015-16. (Base year 2004-05=100)

(vii) पंचम पावर्टी एण्ड सोशल मॉनीटरिंगसर्वेक्षण(जनवरी–दिसम्बर, 2016) हेतु पर्यवेक्षक एवं सर्वेक्षकों की सूची

(viii) Local bodies Budget Classification के अन्तर्गत निम्न तालिकाएं–

(a) Estimates of Local bodies Income and Outlay Account ofAdministrative Departments year 2013-14

(b) Itemwise total expenditure of Local bodies in Uttar Pradesh(Rs. Lakh) year 2013-14

(c) Itemwise total income of Local bodies in Uttar Pradesh(Rs. Lakh) year 2013-14

(ix) Contact us Heading के अन्तर्गत निम्न स्तर की अधिकारियों की सूची दिनांक 20.05.2016 तक की स्थिति–

(a) प्रभाग मुख्यालय पर कार्यरत अधिकारियों की सूची

(b) जनपदीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों की सूची

(c) मण्डलीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों की सूची

(x) 47 आवश्यक वस्तुओं की केन्द्रवार फुटकर भावों में वृद्धि एवं ह्रास की स्थिति दिनांक 06.05.2016

(xi) उत्तर प्रदेश का ग्रामीण उपभोक्ता भाव में) 2015 सूचकांक, अक्टूबर–दिसम्बर, 2015

(xii) उत्तर प्रदेश का नगरीय उपभोक्ता भाव सूचकांक, अक्टूबर–दिसम्बर, 2015

(xiii) उत्तर प्रदेश का ग्रामीण एवं नगरीय मजदूरी दर सूचकांक अक्टूबर–दिसम्बर, 2015

(xiv) उत्तर प्रदेश के थोक भाव सूचकांक अक्टूबर–दिसम्बर, 2015

(xv) Index of Industrial production U.P(2-Digit Level) year 2015-16, Feb, 2016

(xvi) Index of Industrial production Use based Categorisation year 2015-16, Feb, 2016

(xvii) CDMPR के डेटाइन्ट्री से सम्बन्धित साफ्ट्वेयर ।

(xviii) समन्वय अनुभाग से सम्बन्धित रिपोर्ट 'State Millenium Development Goal'

(xix) प्रभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों के विभागीय Softwares को सुगमतापूर्वक Download किये जाने हेतु वेबसाइट के Home page पर Software की Running में चलती हुयी सूची को Download Software के रूप में एक नया Tab बनाकर Link किया गया।

**7–डेटा बैंक–**

(क) उ0प्र0 सांख्यिकीय समन्वय समिति की ''पशुपालन एवं मत्स्य'' पर गठित उपसमिति की दिनांक 16–06–2016 को बैठक आयोजित की गयी। जिसमे निम्न विभागो के ऑकड़े पारित किये गये–

(i) पशुपालन विभाग उ0प्र0–पशुपालन संस्थाओं से सम्बन्धित वर्ष 2014–15 के ऑकड़े पारित किये गये । पशुजन्य पदार्थो के उत्पादन के अनुमान से सम्बन्धित वर्ष 2014–15 के ऑकड़े पारित किये गये।

(ii)–मत्स्य विभाग/मत्स्य विकास निगम लिमिटेड,उ0प्र0– विभाग के वर्ष 2014–15 के आकड़े पारित किये जा चुके हैं।

(ख) उ0प्र0 सांख्यिकीय समन्वय समिति की ''भूमि उपयोगिता, कृषि एवं वन'' पर गठित उपसमिति की दिनांक 23-06-2016 को आयोजित की गयी जिसमे निम्न विभागो के ऑकड़े पारित किये गये–

(i) कृषि विभाग, उ0प्र0–कृषि विभाग के भूमि उपयोगिता व प्रमुख फसलों के अन्तर्गत कुल क्षेत्रफल, कुल उत्पादन, औसत उपज तथा उर्वरक वितरण से सम्बन्धित वर्ष 2012–13 के ऑकड़े पारित किये गये।

(ii) उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0ः–विभाग के प्रमुख फलों, सब्जियों एवं मसालों के अन्तर्गत कुल क्षेत्रफल एवं उत्पादन के वर्ष 2012–13, 2013–14 व 2014–15 के ऑकड़ों को पारित किये गये।

(iii) वन विभाग, उ0प्र0ः–वन विभाग के वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 के ऑकड़ों को पारित किया गया।

**8– ग्राम्य विकास ऑंकड़ा–**

- क्षेत्रीय अधिकारियों के निरीक्षणों पर आधारित मासिक स्थलीय सत्यापन रिपोर्ट त्रैमासान्त जून,2016 में अप्रैल, मई, जून 2016 तक की संकलित सूचना तैयार कर अनुमोदित कराई गई।
- ग्राम्य विकास कार्यों का मासिक प्रगति प्रतिवेदन माह अक्टूबर , 2015 का प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित विभागाध्यक्षों को भेजा गया ।
- क्षेत्रीय अधिकारियों के वास्तविक तथा प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम का माहवार संकलित सूचना तैयार कर अनुमोदित कराई गई।
- ग्राम्य विकास कार्यों का मासिक प्रगति प्रतिवेदन के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु पत्र संबंधित विभागाध्यक्षों को भेजा गया।

- ग्राम्य विकास कार्यों का मासिक प्रगति प्रतिवेदन भेजने हेतु संबंधित मण्डलीय उपनिदेशकों को पत्र भेजा गया ।
- मासिक प्रगति प्रतिवेदन अप्रैल, मई, जून 2016 की संकलित सूचना तैयार कर संबंधित अनुभाग को भेजा गया।

**9–राज्य आय**

**State Domestic Product:-**

During this period quarterly estimates for October to December quarter of the year 2015-16 were released. As per these quarterly estimates the growth in GSDP in third quarter October 2015 to December 2015 is estimated to be 5.2% and the growth in primary, secondry and tertiary sectors is estimated to be 0.1%, 5.7% and 8.3% respectively.


**उ0प्र0 में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमानः–**

अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा उत्तर प्रदेश में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वर्ष 1999–2000 से तैयार किये जा रहे हैं। यह अनुमान सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र के लिये अलग–अलग तैयार किये जा रहे हैं। आलोच्य अवधि में वर्ष 2013–14 के अनुमान तैयार किये गये हैं।

उत्तर प्रदेश में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वर्ष 2013–14 में सार्वजनिक क्षेत्र में 5370296 लाख रू0 अनुमानित किये गये है जो गत वर्ष 2012–13 के अनुमान 4119761 लाख रू0 से 30.36 प्रतिशत अधिक रहे।

इसी प्रकार निजी क्षेत्र में पूंजी निर्माण के वर्ष 2012–13 के अनुमान 8182033 लाख रू0 थे जो बढ़कर वर्ष 2013–14 में 9929777 लाख रू0 हो गये जो गत वर्ष से 21.36 प्रतिशत रहे। कुल सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वर्ष 2012–13 में 12301794 लाख रू0 थे जो वर्ष 2013–14 में बढ़कर 15300073 लाख रू0 हो गये। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में 24.37 प्रतिशत वृद्धि रही। जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्षेत्र | वर्ष 2013–14 हेतु GFCF, (Rs. lakhs) में | वर्ष 2012–13 हेतु GFCF, (Rs. lakhs) में | गत वर्ष से प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|
| **सार्वजनिक क्षेत्र** | | | |
| (i) प्रशासनिक | 2036484 | 1534386 | 32.72 |
| (ii)विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम | 290857 | 179594 | 61.95 |
| (iii)गैर विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम | 701579 | 347115 | 102.12 |
| (iv)स्थानीय निकाय | 1294265 | 1011555 | 27.95 |
| (v)अधिक्षेत्रीय क्षेत्र (सुपरा–रीजनल) | 1047111 | 1047111 | 0.00 |
| **योग (सार्वजनिक क्षेत्र)** | **5370296** | **4119761** | **30.36** |
| **निजी क्षेत्र** | | | |
| (i) पारिवारिक क्षेत्र | 9095748 | 7348004 | 23.79 |
| (ii)अधिक्षेत्रीय क्षेत्र (सुपरा–रीजनल) | 834029 | 834029 | 0.00 |
| **योग (निजी क्षेत्र)** | **9929777** | **8182033** | **21.36** |
| **कुल योग** | **15300073** | **12301794** | **24.37** |




**10–ऊषा अनुभाग –**

अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा वर्तमान में प्रदेश के जनपदों में तैनात जिला अर्थ एवं संख्याधिकारियों के माध्यम से प्रत्येक त्रैमास में ऊषा अनुभाग से सम्बन्धित निम्नलिखित सूचनायें एकत्र कर ब्रिक्स साफ्टवेयर पर ऑनलाइन इन्ट्री की जाती है तत्पश्चात मुख्यालय स्तर से परिनिरीक्षणोपरान्त ऑनलाइन अनुमोदन राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन, भारत सरकार को किया जाता है। अप्रैल–मई–जून त्रैमास में निम्न सूचनायें ऑनलाइन अनुमोदित की गयीः–

1–75 जनपदों के सापेक्ष 75 के भवन निर्माण सम्बन्धी आवश्यक वस्तुओं के फुटकर भाव के आंकड़े।

2–75 जनपदों के सापेक्ष 75 के भवन निर्माण कार्यो में कार्यरत मजदूरों को मजदूरी की दरों के आंकड़े।

3–चयनित 35 नगरों के लक्ष्य के सापेक्ष 35 नगरों के नये आवासीय भवनों के परमिट शिड्यूल पार्ट–1 के आंकड़े।

4–चयनित 63 नगरों के लक्ष्य के सापेक्ष 63 नगरों के जारी किये भवनों के अनुमति प्रमाण पत्र के आंकड़े।

5–चयनित 35 नगरों के सापेक्ष 35 नगरों के नये आवासीय सम्पत्तियों की सर्किल दरें, बाजार दरें एवं किराया दरों के आंकड़े।

6–चयनित 35 नगरों के सापेक्ष 23 नगर के जीर्ण–शीर्ण/खतरनाक एवं अनाधिकृत भवनों की वार्षिक सूचना वर्ष 2015 के आंकड़े।

7–75 जनपदों के सापेक्ष 50 के निम्न आय वर्ग कर्मचारियों हेतु निर्मित आवास टाइप–1(एल0आई0जी0) के वार्षिक भवन निर्माण लागत सूचकांक वर्ष 2015–16 के आंकड़े।

## MDG

**सितम्बर 2000 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा "मिलेनियम डेवलपमेन्ट गोल (MDG)" की घोषणा की गयी, जिसके तहत 8 महत्वपूर्ण उद्देश्यों (Goals) की प्राप्ति हेतु 18 लक्ष्यों (Targets) को मूल्यांकित किये जाने हेतु 53 संकेतांक (Indicators) निर्धारित किये गये थे। परन्तु भारतीय परिप्रेक्ष्य में उ.प्र. से सम्बन्धित मिलेनियम डेवलपमेन्ट गोल (MDG) के तहत 8 उद्देश्यों (Goals) की प्राप्ति हेतु 12 लक्ष्य (Targets) और 35 संकेतांक (Indicators) निर्धारित किये गये और उससे सम्बन्धित स्टेट रिपोर्ट 2015 अप्रैल, 2016 में अर्थ एवं संख्या प्रभाग के द्वारा तैयार करायी गयी।**

**11–विश्लेषण–**

**रा.प्र.स. 67वीं आवृत्ति अनुसूची 2.34 पर आधारित रिपोर्ट " उत्तर प्रदेश में असमाविष्ट गैर–कृषि (निर्माण को छोड़कर) उद्यमों की प्रचालनात्मक एवं आर्थिक विशिष्टताएँ (जुलाई 2010–जून 2011)"** के मुख्य परिणाम

- यह सर्वेक्षण राज्य के 841 ग्रामों तथा 809 नगरीय खण्डों में किया गया था। उक्त सर्वेक्षित प्रतिदर्श इकाइयों के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 26290 प्रतिदर्श उद्यमों से आंकड़े एकत्र किये गये थे, जिसमें से

11467 ग्रामीण क्षेत्र तथा 14823 नगरीय क्षेत्र में सर्वेक्षित हुए।

- राज्य में 53.74 लाख असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यम अनुमानित हुए। जिनमें से 54.97 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में तथा 45.03 प्रतिशत नगरीय क्षेत्र में अनुमानित हुए।

- राज्य के अनुमानित असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों में से 87.44 प्रतिशत स्व–कार्यरत तथा 12.56 प्रतिशत अधिष्ठान पाये गये। ग्रामीण क्षेत्र में उक्त प्रतिशत क्रमशः 93.07 तथा 6.93 व नगरीय क्षेत्र में क्रमशः 80.67 तथा 19.33 रहा।
- राज्य के अनुमानित असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों में से 24.04 प्रतिशत विनिर्माण, 45.92 प्रतिशत व्यापार तथा 30.03 प्रतिशत अन्य सेवा क्षेत्र में पाये गये।
- राज्य के असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों में 91.2 लाख कर्मकर कार्यरत थे। जिनका प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में 50.5 तथा नगरीय क्षेत्र में 49.5 पाया गया।
- राज्य के ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों में से स्वकार्यरत उद्यमों में सर्वाधिक कर्मकर कार्यरत पाये गये। ग्रामीण क्षेत्र में स्वकार्यरत उद्यमों में यह प्रतिशत व्यापार में 43.6 प्रतिशत, विनिर्माण उद्यमों में 29.3 प्रतिशत तथा 'अन्य सेवा क्षेत्र' उद्यमों में 27.1 प्रतिशत अनुमानित हुए। जबकि नगरीय क्षेत्र में यह प्रतिशत व्यापार में 46.8 प्रतिशत, 'अन्य सेवा क्षेत्र' उद्यमों में 29.5 प्रतिशत तथा विनिर्माण में 23.6 प्रतिशत रहा।
- राज्य के कुल असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों में 98 प्रतिशत बारहमासी तथा 2 प्रतिशत मौसमी एवं आकस्मिक प्रकृति के अनुमानित हुए।
- पिछले 365 दिनों में 95.6 प्रतिशत असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों ने 9 महीने या उससे अधिक कार्य किया।
- राज्य के कुल असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों में से 72.4 प्रतिशत उद्यमों द्वारा 8–11 घण्टा प्रतिदिन कार्य किया गया। यह प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में 69.1 तथा नगरीय क्षेत्र में 76.4 पाया गया।
- राज्य के असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों में से 34.2 प्रतिशत उद्यम 'निर्धारित परिसर' में अवस्थापित थे। घरेलू परिसर के बाहर अवस्थित उद्यमों में 50.2 प्रतिशत उद्यम स्थायी परिसर में तथा 15.5 प्रतिशत अस्थायी परिसर में अवस्थित थे।
- राज्य में 92.3 प्रतिशत गैर मुनाफा संस्थाओं द्वारा अपने खातों का लेखा–जोखा नहीं रखा गया। उक्त प्रतिशत स्वकार्यरत तथा अधिष्ठान के मामले में क्रमशः 95.2 तथा 72.4 रहा।
- राज्य के 11.3 प्रतिशत असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों (only for proprietory and partnership enterprises) का मालिकाना हक 'अनुसूचित जाति' तथा 60.1 प्रतिशत उद्यमों का मालिकाना हक 'अन्य पिछड़ा वर्ग' के व्यक्तियों के पास था। स्वकार्यरत उद्यमों के मामले में यह प्रतिशत क्रमशः 12.1 तथा 61.7 अनुमानित हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में 63. 3 प्रतिशत उद्यमों का मालिकाना हक 'अन्य पिछड़ा वर्ग' के व्यक्तियों के पास था, जबकि नगरीय क्षेत्र में यह प्रतिशत 56.2 रहा।
- राज्य के 83.9 प्रतिशत उद्यम किसी भी कानून के अन्तर्गत पंजीकृत नहीं थे। उक्त प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में 90.8 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र में 75.4 प्रतिशत पाया गया।
- राज्य में प्रति उद्यम कुल वार्षिक सकल वर्धित मूल्य रू. 1,27,364 अनुमानित हुआ। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों हेतु उक्त मूल्य क्रमशः रू. 77,236 तथा रू. 1,88,552 रहा।
- राज्य में प्रति कर्मकर कुल वार्षिक सकल वर्धित मूल्य रू. 75,090 अनुमानित हुआ। ग्रामीण तथा

नगरीय क्षेत्रों हेतु उक्त मूल्य क्रमशः रू. 49,556 तथा रू. 1,01,151 रहा।

- राज्य के असमाविष्ट गैर–कृषि उद्यमों में भाड़े के कर्मकरों की प्रति कर्मकर वार्षिक परिलब्धियाँ रू. 33,867 अनुमानित हुईं। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों हेतु उक्त मूल्य क्रमशः रू. 25,667 तथा रू. 38,390 अनुमानित हुआ।
- राज्य में प्रति उद्यम स्थायी परिसम्पत्ति का बाजार मूल्य रू. 2,38,796 अनुमानित हुआ। जिसमें विगत 365 दिनों में रू. 8,296 का निवल आवर्द्धन (net addition) हुआ।
- राज्य में प्रति उद्यम देय वार्षिक किराया रू. 8,339 तथा प्रति उद्यम बकाया कर्ज एवं ब्याज रू. 2,426 अनुमानित हुआ।
- राज्य में प्रति उद्यम प्रचालन व्यय का वार्षिक मूल्य रू. 3,34,401 अनुमानित हुआ। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों हेतु उक्त मूल्य क्रमशः रू. 1,63,813 तथा रू. 5,42,633 अनुमानित हुआ।
- राज्य में प्रति उद्यम प्राप्ति का वार्षिक मूल्य रू. 4,62,580 अनुमानित हुआ। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों हेतु उक्त मूल्य क्रमशः रू. 2,41,487 तथा रू. 7,32,460 अनुमानित हुआ।

## कार्मिक

**नियुक्तिः–**

1. प्रभाग के पत्र दिनांक 30.5.2016 द्वारा 02 मृतक आश्रित को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति आदेश निर्गत किये गये।

**पदोन्नतिः–**

1. प्रभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27.6.2016 द्वारा 01 चालक की चालक के विशेष श्रेणी के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किये गये।
2. प्रभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27.6.2016 द्वारा 01 चालक की चालक के ग्रेड–3 के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किये गये।

**समयमान वेतनमान/वित्तीय स्तरोन्नयनः–**

1. प्रभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27.6.2015 द्वारा 01 चतुर्थ श्रेणी कार्मिक को 10 वर्ष की सेवा पर प्रथम वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ स्वीकृत किया गया।

**सेवानिवृत्तिः–**

प्रभाग में 12 सेवानिवृत्त कार्मिकों की स्थिति निम्न प्रकार हैः–

1. 01 अर्थ एवं संख्याधिकारी
श्री सुशील कुमार सोनी, जनपद मुरादाबाद, दिनांक 30.6.2016
2. 04 अपर सांख्यिकीय अधिकारी
श्री रामाश्रय प्रसाद, जनपद महाराजगंज, दिनांक 31.5.2016
श्री अनवार रसूल सिद्दीकी, खण्ड विकास अधिकारी, दिनांक 30.6.2016
श्री रवीन्द्र कुमार दिनकर, जनपद मु0नगर, दिनांक 30.6.2016
श्री प्रेमनाथ राय, जनपद मिर्जापुर, दिनांक 30.6.2016
3. 05 सहायक सांख्यिकीय अधिकारी
श्री रामलखन मिश्र, जनपद सीतापुर, दिनांक 30.4.2016
श्री रमेश चन्द्र टेलर, जनपद हमीरपुर, दिनांक 30.4.2016
श्री रामबाबू–1, जनपद फिरोजाबाद, दिनांक 30.6.2016
श्रीमती सरिता खरे, मुख्यालय, दिनांक 30.6.2016
श्री रमन बाबू पाण्डेय, जनपद कानपुर नगर, दिनांक 30.6.2016
4. 01 मुख्य कलाकार
श्री अजय कुमार मैनी, जनपद सोनभद्र, दिनांक 30.6.2016
5. 01 चालक
श्री मंशाराम, जनपद संतरविदासनगर, भदोही, दिनांक 30.6.2016

## प्रशिक्षण / कार्यशाला

- प्रशिक्षण प्रभाग कालाकांकर हाउस में दिनांक 13.04.2016 को वा0उ0सर्वे0, 2013–14 सम्बन्धी डेटा–इन्ट्री एवं वैलीडेशन साफ्ट्वेयर संचालन सम्बन्धी एक दिवसीय प्रशिक्षण मण्डलीय कार्यालयों के वा0उ0सर्वे0 का कार्य कर रहे कार्मिकों को प्रदान किया गया।
- सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 विषय पर श्री धीरेन्द्र यादव, अर्थ एवं संख्याधिकारी तथा श्री संजीव कुमार, अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा दिनांक 11.05.2016 से 13.5.2016 के मध्य, प्रशिक्षण प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।
- ग्रामीण विकास परियोजनाओं का नियोजन एवं कार्यान्वयन विषय पर प्रभाग के दो अधिकारियों द्वारा दिनांक 23.5.2016 से 27.5.2016 के मध्य प्रशिक्षण प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।
- प्रशिक्षण प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित दिनांक 20.06.2016 से 24.06.2016 की अवधि में पुनः बोधात्मक प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रभाग के 28 अपर सांख्यिकीय अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- ASI 2013-14 सम्बन्धी अनुसूचियो के कम्प्यूटीकरण हेतु अर्थ एवं सॉख्यिकी निदेशालय, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा नामित तीन कार्मिकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रभाग मुख्यालय पर प्रदान किया गया ।







दिनांक 26.06.2016 को आयोजित बैठक







दिनांक 29.06.2016 कोसांख्यिकीय दिवस का आयोजन

| Comparative Statistics of UP and India at a Glance (April-June) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl.No. | Indicators | 2014-15 | | 2015-16 | |
| | | UP(RQ) | INDIA(Ist RE.) | UP(RA) | INDIA(PE) |
| 1- | **GrowthRate GSVA/GVA(At Constant Prices)** | | | | |
| (a) | Primary Sector | -2.5 | 1.3 | 5.7 | 2.22 |
| (b) | Secondary Sector | 6.3 | 5.4 | 5.3 | 7.39 |
| ( c) | Tertiary Sector | 10.4 | 10.3 | 8.2 | 8.92 |
| (d) | GSDP/GDP | 6.3 | 7.2 | 7.1 | 7.6 |
| 2- | **Sectoral Composition of GSVA/GVA(At current Prices)** | | | | |
| (a) | Primary Sector | 26.7 | 20.0 | 26.9 | 19.6 |
| (b) | Secondary Sector | 26.2 | 27.4 | 26.0 | 27.1 |
| ( c) | Tertiary Sector | 47.1 | 52.6 | 47.1 | 53.3 |
| 3- | **GSDP/GDP(At current prices) (in Cr. Rs.)** | 1043371 | 12488205 | 1153795 | 13576086 |
| 4- | **Per Capita Income (At Current Prices) (in Rs.)** | 43861 | 86879 | 48520 | 93293 |

RQ-Revised Quick, Re-Revised Estimates, RA-Revised Advance, PE-Provisional Estimates

| PRICE & WAGES INDICES FOR QTR-APRIL-JUNE 2016 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | **Agriculture Parity Index(base year 2004-05)** | **2013-14** | 103.42 | **2014-15** | 107.70(P) |
| 6 | **Wholesale Price Index (base year 2004-05)** | Jan-Mar 2015 | 196.22 | Jan-Mar 2016 | 207.05 |
| 7 | **Consumer Price Index-Urban(base year 2004-05)** | Jan-Mar 2015 | 215.97 | Jan-Mar 2016 | 229.64 |
| 8 | **Consumer Price Index-Rural(base year 2004-05)** | Jan-Mar 2015 | 229.53 | Jan-Mar 2016 | 248.50 |
| 9 | **Urban Wage Index for Mason(base year 2004-05)** | Jan-Mar 2015 | 303.89 | Jan-Mar 2016 | 322.19 |
| 10 | **Urban Wage Index for Carpenter(base year 2004-05)** | Jan-Mar 2015 | 292.96 | Jan-Mar 2016 | 314.16 |
| 11 | **Urban wage Index for Unskilled Labour(base year 2004-05)** | Jan-Mar 2015 | 368.78 | Jan-Mar 2016 | 387.76 |
| 12 | **Rural Wage Index for Mason(base year 2004-05)** | Jan-Mar 2015 | 302.18 | Jan-Mar 2016 | 322.01 |
| 13 | **Rural Wage Index for Carpenter(base year 2004-05)** | Jan-Mar 2015 | 290.78 | Jan-Mar 2016 | 315.60 |
| 14 | **Rural Wage Index for Agriculture Labour(base year 2004-05)** | Jan-Mar 2015 | 330.18 | Jan-Mar 2016 | 352.28 |
| P-PROVISIONAL ESTIMATES | | | | | |

| IIP INDICES (QUARTER APRIL- JUNE 2016) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SI. NO. | INDICATORS | PERIOD | INDEX | PERIOD | Index | PERIOD | Index |
| 1 | Index Of Industrial Production:Annual | 2013-14 | 186.53 | 2014-15 | 187.83 | _ | _ |
| | (base year2004-05) | | | | | | |
| 2 | Index Of Industrial Production:Monthly | JAN'15(F) | 208.71 | JAN'16(P) | 199.56 | _ | _ |
| | (base year(2004-05) | | | | | | |
| 3 | Index Of Industrial Production:Monthly | FEB'15(F) | 202.12 | FEB'16(P) | 205.73 | _ | _ |
| | (base year(2004-05) | | | | | | |
| 4 | Index Of Industrial Production:Monthly | MAR'15(F) | 201.74 | MAR'16(P) | 203.72 | _ | _ |
| | (base year(2004-05) | | | | | | |
| 5 | Index Of Industrial Production:Monthly | APRIL'15(P) | 183.87 | APRIL'16(Q) | 197.81 | _ | _ |
| | (base year(2004-05) | | | | | | |
| 6 | Agriculture Volume Index | 2012-13(F) | 124.82 | 2013-14(P) | 121.92 | 2014-15(Q) | 115.41 |
| | (base year(2004-05) | | | | | | |
| 7 | Agriculture Value Index | 2012-13(F) | 236.62 | 2013-14(P) | 246.53 | 2014-15(Q) | 247.01 |
| | (base year(2004-05) | | | | | | |
| Q-Quick Estimates, P-Provisional Estimates ,F-Final Estimates | | | | | | | |

**PUBLICATIONS IN QUARTER**

1. उ.प्र. के आय–व्ययक का आर्थिक एवं कार्य सम्बन्धी वर्गीकरण 2015–16
2. राज्य आय अनुमान 2014–15
3. उ.प्र. की आर्थिक समीक्षा 2014–15
4. सांख्यिकीय डायरी (हिन्दी)–2015
5. उ0प्र0 एक झलक (आँकड़ों में)–2015
6. राज्य नियोजन संस्थान का कार्य विवरण वर्ष 2015–16
7. उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित मिलेनियम डेवलपमेन्ट गोल (MDG) की स्टेट रिपोर्ट 2015।

**STATISTICS UPLOADED ON THE DEPARTMENTAL WEBSITE DURING THE QUARTER APRIL-JUNE 2016**

***http://updes.up.nic.in/***

(i) उत्तर प्रदेश एक झलक(ऑकड़ों में) 2015

(ii) उत्तर प्रदेश के राज्य घरेलू उत्पाद( राज्य आय) के वर्ष 2015–16 के तृतीय त्रैमास (Q3)(अक्टूबर 2015–दिसम्बर 2015) की प्रेस विज्ञप्ति

(iii) 47 आवश्यक वस्तुओं की केन्द्रवार फुटकर भावों में वृद्धि एवं ह्रास की स्थिति दिनांक 06.05.2016

(iv) उत्तर प्रदेश का ग्रामीण उपभोक्ता भाव सूचकांक, अक्टूबर–दिसम्बर, 2015

(v) उत्तर प्रदेश का नगरीय उपभोक्ता भाव सूचकांक, अक्टूबर–दिसम्बर, 2015

(vi) उत्तर प्रदेश का ग्रामीण एवं नगरीय मजदूरी दर सूचकांक अक्टूबर–दिसम्बर, 2015

(vii) उत्तर प्रदेश के थोक भाव सूचकांक अक्टूबर–दिसम्बर, 2015

(viii) 'समन्वय अनुभाग से सम्बन्धित रिपोर्ट State Millenium Development Goal'

(ix) प्रभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों के विभागीय Softwares को सुगमतापूर्वक Download किये जाने हेतु वेबसाइट के Home page पर Software की Running मे ंचलती हुयी सूची को Download Software के रूप में एक नया Tab बनाकर Link किया गया।

(x) Index of Industrial Production U.P.(2-Digit Level) year 2015-16. (Base year 2004-05=100)

(xi) Index of Industrial production use based Categorisation year 2015-16. (Base year 2004-05=100)

(xii) Local bodies Budget Classification के अन्तर्गत निम्न तालिकाएं–

(a) Estimates of Local bodies Income and Outlay Account of Administrative Departments year 2013-14

(b) Itemwise total expenditure of Local bodies in Uttar Pradesh(Rs. Lakh)year 2013-14

(c) Itemwise total income of Local bodies in Uttar Pradesh(Rs. Lakh) year 2013-14

(xiii) Index of Industrial production U.P(2-Digit Level) year 2015-16, Feb, 2016

(xiv) Index of Industrial production Use based Categorisation year 2015-16, Feb, 2016